तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 27 नवंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 भारत का संविधान है विश्व का सबसे बड़ा...

12 नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत 84 प्रतिशत...


## खबर संक्षेप




### जिला न्यायालय में मना संविधान दिवस

**कांकेर।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय में संविधान दिवस मनाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने कहा कि हमारा संविधान सर्वोच्च मानवीय मूल्यों, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक आदर्शों, कर्तव्यों एवं मौलिक अधिकारों की पावन अभिव्यक्ति है। उन्होंने मौलिक अधिकारों की रक्षा करने के साथ साथ मौलिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए भी कहा जिससे कि समाज, राज्य एवं देश का उत्तरोत्तर विकास हो सके। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र दवे ने कहा कि संविधान निर्माण के बारे मे बताते हुए बस्तर अंचल के रामप्रसाद पोटाई को भी प्रारूप समिति में शामिल होने के बारे में बताया। इस अवसर पर भूपेंद्र वासनीकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अन्य न्यायाधीशगण, बार के पदाधिकारी, अधिवक्ता एवं डिफेंस काउंसिल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### आईटीआई के छात्रों को दी गई यातयात नियमों की जानकारी




**कांकेर।** यातायात विभाग के द्वारा 26 नवंबर को आईटीआई माकड़ी में छात्रों को यातायात सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दिया। सड़क दुर्घटना से बचने के कैसे संकेत देते है, सड़कें कैसे बोलती है के संबंध मे जानकारी दिया गया। साथ ही साइबर टीम एवं महिला सुरक्षा टीम के द्वारा भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपनिरीक्षक रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, पूरन मंडावी, लोकेश साहू, आईटीआई के अधीक्षक ए. आर. नाग, शिक्षकगण देवदत्त वर्मा, रामप्रसाद, मदन पटेल, दिलीप नागराज, दिनेश भैना, यामेश देशमुख, शुभम रसेनिया, यशवंत गीर, जागृति दीवान, तारा पटेल एवं आईटीआई के लगभग 150 छात्र उपस्थित रहे।

### दिव्यांग को मिली बैटरी चलित ट्रायसायकल



**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा नरहरपुर जनपद के जगदीश नरेटी को बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान किया गया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि जगदीश जो पैर से 80 प्रतिशत दिव्यांग है, उन्होंने सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसायकल प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने पर दिव्यांग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता कल से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल स्तरीय संकुल कोदापाखा अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 28 नवंबर से 30 नवंबर तक ग्राम सनतराई में आयोजित किया जाएगा। संकुल समन्वयक रामचंद्र दुगे ने बताया कि संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स, सामूहिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें संकुल के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के छात्र-छात्रा शामिल होंगे खेलकूद को लेकर आयोजन समिति ग्राम सनतराई के ग्रामीण तैयारी में जुटे हुए हैं।

## चेतावनी : ग्रामीणों ने कहा- कार्रवाई नहीं होने पर किया जाएगा आंदोलन

# कुरूटोला के सरपंच और सचिव के लाखों की अनियमितता की हुई शिकायत, जांच कर कार्रवाई की रखी गई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड चारामा के ग्राम कुरूटोला के ग्रामीणों ने सरपंच व सचिव के द्वारा बिना शौचालय बनाए व काम करवाएं लाखों की राशि का गबन करने की शिकायत किया गया। शिकायत करने वालों का कहना है कि ग्राम सभा में सरपंच को बुलाया गया, परंतु वे नहीं आईं और कई दिनों से गांव में नहीं है।

■ आरोप : ग्रामसभा में नहीं आई, कई दिनों से गांव से हैं बाहर

कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने आवेदन दिखाते हुए बताया कि ग्राम सभा द्वारा लगातार सरपंच यमुना निर्मलकर तीन बार बुलाने पर भी ग्राम सभा में नहीं आई। आवेदन में 2020 से लेकर 2024 तक 45 कार्यों का उल्लेख किया है, जिसमें गड़बड़ी किए जाने की बात कही है। शिकायत में कई संस्थाओं के नाम भी सामने आएं है, इन संस्थाओं से बात करने का प्रयास किया गया, कुछ संस्थाओं के मालिकों का कहना है कि हमने सामान दिया है, उसी का बिल दिया है। इस विषय पर सचिव अन्नूराम लहरे के मोबाईल नंबर पर संपर्क किया गया, उनका कहना था कि वह अगस्त 2022 में पदस्थ हुआ हूँ। कहीं न कहीं काम किया गया है, जाँच के बाद ही तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी। सरपंच 10 दिन से गाँव से बाहर है, उनकी कोई जानकारी नहीं है। सचिव ने सरपंच का नंबर बताया, उस नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि फर्जी बिल लगाकर लाखों की राशि निकाली गई।




### 2023 में 2 लाख 54 हजार 725 रुपए निकाले

12 मई को कश्यप ट्रेडर्स को 15000-15000 रुपए का दो बिल का भुगतान 16 मई को पंचायत आहता निर्माण के लिए 10 हजार टिकेश्वर सिन्हा को, 18 मई को गाड़ी किराया के लिए 2000 रुपए टिकेश्वर सिन्हा को, 27 अक्टूबर को भुगतान के लिए 12 हजार रूपएं निकाला गया, 27 अक्टूबर को भुगतान को नाडेप राशि भुगतान 10000 रुपए सरपंच व सचिव द्वारा, 27 अक्टूबर को नाडेप के लिए 30 हजार का भुगतान, 2 नवंबर को नाडेप के लिए 30 हजार का भुगतान, 8 नवंबर को नाडेप राशि भुगतान 10 हजार रूपए, 15 नवंबर को पंखा कूलर पंचायत भवन के लिए 12 हजार रुपए निकाला गया, 18 नवंबर को पंचायत पोताई के लिए 20 हजार रूपएं टिकेश्वर सिन्हा को, 18 नवंबर को पंचायत भवन में पोताई के लिए 2725 रुपए लीलाराम सिन्हा को, 18 नवंबर को नाडेप सफाई कार्य के लिए राशि 49000 रूपएं संपतालाल जुर्री को, 18 नवंबर को सामग्री खरीदी के लिए 49000 रूपएपं का आहरण किया गया है। यह सभी भुगतान गलत ढंग से निकाला गया है।

### 2024 में निकाले 1 लाख 60 हजार

1 जनवरी 2024 को सड़क सुधार कार्य के लिए 48000 रुपए, 6 जनवरी को रोड निर्माण के लिए 20 हजार रुपए संपतलाल जुर्री को दिया गया जो कि काम नहीं हुआ है। लिए संपतलाल जुर्री को 20 हजार रूपएं दिया गया, परंतु यह काम नहीं हुए है। 10 जनवरी को डिक्शनरी खरीदी करने 49900 रुपए का आहरण किया गया, जबकि डिक्शनरी की खरीदी नहीं हुई। 15 जनवरी को पंचायत भवन में पोताई के लिए टिकेश्वर सिन्ह को 14 हजार दिया यगा जो गलत एवं फर्जी बिल है। 19 जनवरी को सोखता गड्ढा राशि भुगतान 24000 रुपए सरपंच व सचिव द्वारा लिया गया, यह बिल भी फर्जी है। 25 जनवरी को महामाया बुक डिपो चारामा को राशि 4890 रुपए का भुगतान किया गया है, यह बिल गलत है।

### 2022 में 4 लाख 20 हजार 995 रुपए निकाले

14 जनवरी को सामुदायिक शौचालय के लिए 6000 रूपएं, 14 जनवरी को शेड निर्माण के लिए 74995 रूपएं न्यू खत्री चारामा को दिया गया है, जो फर्जी बिल है। 19 जनवरी को मंच निर्माण के लिए 75000 रूपएं महेश मंडावी, 6 मई को सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए 20000 रूपएं महेश मंडावी का बिल फर्जी है। 20 अक्टूबर को 48000 रूपएं मुरूम डालने के लिए, कूड़ादान सफाई के लिए 49000 रूपएं , गली सफाई के लिए 49000 रूपएं रोकड़ बही में कश्यप ट्रेडर्स को देना लिख है, यह कार्य नहीं हुए है, फर्जी बिल है। 25 जुलाई को पंचायत भवन पोताई के लिए टिकेश्वर सिन्हा और 30 अगस्त को वैभव ट्रेडर्स को किया गया भुगातन गलत एवं फर्जी है। 25 सितंबर को कुर्सी टेबल एवं बैठक व्यवस्था के लिए 49000 रूपएं का भुगतान गलत ढंग से किया गया है। 2 अगस्त को कृष्ण एंटरप्राइजेस को 49500 रूपएं का भुगतान किया गया है, जो बिल फर्जी है।

### 2021 में 5 लाख 59 हजार 86 रुपए निकाले

1 जनवरी को सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य के लिए भुगतान साढ़े 3 लाख सरपंच एवं सचिव द्वारा किया गया है, यह बिल फर्जी है। इस कार्य में पूर्णता प्रमाण पत्र और उपयोगिता प्रमाण पत्र दिया गया है, जो कि गलत है। जब कार्य पूरा नहीं हुआ है तो उपयोगिता प्रमाण पत्र और पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं दिया जा सकता। 1 जनवरी को रोजगार गारंटी के माध्यम से सरपंच व सचिव अपने पारिवारिक व्यक्तियों का नाम सामुदायिक शौचालय में कार्य करने राशि भुगतान किया गया हैं। कचरा शेड निर्माण कार्य भी अधूरा है और राशि का भुगतान कर दिया गया है। रोकड़ बही अनुसार 10 मार्च 2021 को स्वच्छता मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण कार्य राशि 15000 रूपएं का आहरण किया गया है, किंतु शौचालय निर्माण हुआ ही नहीं है। 8 जुलाई 2021 को रोकड़ बही अनुसार गौठान में स्वच्छता मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण के लिए राशि 24000 रूपएं का आहरण किया गया है, किंतु शौचालय निर्माण नहीं हुआ। 29 मार्च को 15 वें वित मद से महामाया बुक डिपो को राशि 19176 रूपएं का भुगतान किया गया, जो की फजी है। 29 मई को सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य के लिए 24000 रूपएं महेश मंडावी को दिया गया है जो की निर्माण हुआ ही नहीं है। 2 सितंबर को सुनील ट्रेडर्स को राशि 50000 रूपएं भुगतान किया गया, यह बिल फर्जी हैं। 1 अक्टूबर को देव इंटरप्राइजेज को राशि 48960 रूपएं भुगतान का उल्लेख है जो बिल फर्जी हैं। 6 दिसंबर को देव इंटरप्राइजेज को राशि 10950 रूपएं भुगतान का उल्लेख है, जो फर्जी है। 17 अगस्त को साहू ट्रेवल्स को 17 हजार रूपएं भुगतान किया गया, जो फर्जी है।

### 2020 में 45 हजार रुपए निकाले

29 मई को गेट निर्माण कार्य के लिए 30000 रूपएं महेश मंडावी को दिया गया, 24 जून को राजीव गांधी सेवा केंद्र में पोताई कार्य के लिए 15000 रूपएं भुगतान किया गया है, यह बिल भी फर्जी है। इसके अलावा तीन बिल ऐसे है जिनका भुगतान किया गया, परंतु तारीख का उल्लेख नहीं है।

## कार ने बुजुर्ग महिला को मारी थी ठोकर ईलाज के दौरान घायल की हो गई मौत



**कांकेर।** शहर कांकेर की सड़क लापरवाह व शराबी वाहन चालकों के कारण जानलेवा व खतरनाक साबित हो रही है। एसे ही एक हादसे में मौत का फिर एक लाइव विडियो सामने आया है। महिला को टक्कर मारकर चालक भागते हुए दिख रहा है। टक्कर में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान बीती रात को मौत हो गई। कार मालिक सीआईएसएफ का जवान है और उसकी ससुराल मनकेशरी में है। केशकाल के कोहकामेटा निवासी है। पुलिस कार चालक की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार 25 नवंबर सोमवार दोपहर डेढ़ बजे शहर के सुभाष वार्ड मिनी बाईपास सड़क में लापरवाही पूर्वक कार चलाते चालक ने सड़क किनारे खड़ी बुजूर्ग महिला बिमला बोरकर 75 साल को टक्कर मार दिया था। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। महिला के सिर, हाथ पैर व कमर में चोटें आई थी। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी बीती रात को मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 19 बीएस 5059 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद भाग रहे कार चालक को लोगों ने पकड़ लिया था और पुलिस को सौंपा था। चालक शराब के नशे में था। इस घटना का विडियो भी सामने आया है जिसमें चालक कार को लापरवाही पूर्वक सड़क में लहराते हुए चलाता दिख रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार यह कार कोंडागांव जिले के थाना केशकाल के ग्राम कोहकामेटा निवासी सुशील कुमार ठाकुर की है और सीआईएसएफ में जवान है। इनकी ससुराल कांकेर के मनकेशरी में है। जवान कार चालक के साथ ससुराल आया था और चालक जवान को ससुराल में छोड़कर घूमने के

▶▶| शेष पेज 10 पर

## माओवाद प्रभावित कंदाड़ी में पहुंची शासन की योजना



**कांकेर।** प्रधानमंत्री आवास योजना से जिले के गरीब परिवारों का सपना पूरा हो रहा है। ऐसे ही माओवाद प्रभावित एवं दुर्गम सुदूर क्षेत्र कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम कन्दाड़ी निवासी तेजकुमार कुजूर ने बताया कि उनका परिवार सालों से कच्चे मकान में निवासरत है, जिसके चलते हर मौसम में अलग-अलग तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

■ पक्का मकान स्वीकृत होने पर ग्रामीण का सपना हुआ पूरा

हितग्राही तेजकुमार कुजूर ने बताया कि बरसात के मौसम में कच्चे घर में जगह-जगह पानी टपकना और सर्दी के मौसम में ठण्ड अधिक पड़ना व गर्मी के दिनों में भी परिवार का जीवन अत्यंत कष्टदायक होता है। वहीं वन्य जीवों व कीड़े-मकोड़ों का डर अलग सताता रहता है। शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत इस सुदूर क्षेत्र में आवास स्वीकृत होने से जीवन में नई उमंग का प्रवाह हुआ है। प्रशासन की मदद से तत्काल आवास का ले-ऑउट करवाकर निर्माण सामग्री पहुंचाने में मदद मिली है, जिससे वर्तमान में नींव खुदाई कर कॉलम की ढलाई की गई है। हितग्राही ने कहा कि उनका स्वयं का पक्का मकान बनाने का सपना पूरा होने जा रहा है। नवीन आवास निर्माण से वे अत्यंत खुश एवं उत्साहित हैं कि अब मकान बनने से परेशानियां दूर होंगी और उनका परिवार पक्के मकान में सुकून व

▶▶| शेष पेज 10 पर

## भानुप्रतापपुर के हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए 31 तक का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगरीय निकाय भानुप्रतापपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों को मिशन अवधि 31 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करना अनिवार्य होगा, जिन हितग्राहियों के द्वारा 31 दिसम्बर तक आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा, उन्हें इसके बाद राज्य सरकार द्वारा पैसा नहीं प्रदान किया जाएगा।

■ सीएमओ ने अधिकारियों को दिया निर्देश, हितग्राहियों से किया अपील

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के सीएमओ हेमंत नेताम ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय नया रायपुर अटल नगर के द्वारा जारी परिपत्र में भारत सरकार के आश्वासन और शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र के संदर्भ में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय के समस्त अधिकारी को पत्र भेजकर भारत सरकार के निर्देश से अवगत कराते यह स्पष्ट हिदायत दिया है कि मिशन अवधि 31 दिसम्बर 2024 के बाद किसी प्रकार का वित्तीय अनुदान राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगरीय निकायों को नहीं दिया जाएगा। इसी आदेश के तहत प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास निर्माण में लगे सभी अधिकारियों को उक्त आदेश का पालन करवाने निर्देशित किया है, वहीं हितग्राहियों से अपील किया है कि हर हाल में अपने आवास निर्माण का कार्य 31 दिसम्बर 2024 के पूर्व करवा लेवे अन्यथा इसके बाद बचा हुआ अपूर्ण निर्माण कार्य खुद के पैसे से करवाना होगा, जिसकी जवाबदेही स्वयं हितग्राही की होगी।




### आदेश आने से मचा हडकंप

पीएम आवास को लेकर इस आदेश के आने के बाद से आवास निर्माण करवाने वालों में हड़कंप मच गया है और अपने आधे अधूरे आवास के निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने के लिए मिस्त्री व मजदूर का चक्कर काटते निर्माण कार्य जल्दी पूरा कर देने मिन्नत करते फिरने लगे हैं। नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास निर्माण करवाने वाले हितग्राहियों को जी जान से जुटकर अपने आवास का निर्माण कार्य ऐन केन प्रकारेण 31 दिसम्बर के पूर्व पूर्ण कर लेना चाहिए।

## ऋण राशि जमा नहीं करने वालों के लिए ऋण समाधान योजना

**दुर्गुकोंदल।** केसीसी ऋण लेकर लंबे समय तक ऋण राशि जमा नहीं करने वालों के लिए स्टेट बैंक ने ऋण समाधान 2024-25 योजना लाई है। इस योजना के अनुसार पुराने केसीसी ऋण राशि में छूट, माफी दी जाएगी। बैंक ने लंबे समय तक केसीसी ऋण जमा नहीं करने वाले किसानों के ऋण राशि में छूट माफी भी करेगी। बैंक प्रबंधक जीतराय हेमरोम ने बताया कि बैंक ने केसीसी ऋण के लिए ऋण समाधान 2024-25 योजना की घोषणा किया है, जिसमें सभी पात्र खातों में एनपीए की तारीख से अनुमानित ब्याज में छूट, केसीसी ऋण के कुल बकाया राशि में 25 से 50 प्रतिशत तक की छूट, कानूनी व अन्य अतिरिक्त व्यय माफ कर दी जाएगी। इसके लिए नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को भानुप्रतापपुर में आयोजित की गई है। केसीसी ऋणधारी किसान लोक अदालत में आकर पुराने ऋण का एक मुश्त समाधान कर छूट का लाभ ले सकते हैं। इन्होंने केसीसी ऋणधारी किसानों को ऋण समाधान के लिए बैंक में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## पीड़ित के परिजन के लिए हुई आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। तहसील दुर्गुकोंदल के ग्राम ओड़ाहूर निवासी 43 वर्षीय बोटीराम मरकाम की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी बरनबती मरकाम को चार लाख रूपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

## 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदी पर जिले के किसानों में खुशी



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की नीति ने किसानों के जीवन में नई उम्मीदें जगाई हैं। किसानों की मेहनत का सच्चा सम्मान करते हुए, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि उन्हें उनकी उपज का वाजिब दाम मिले। इस फैसले से जिले के धान उपार्जन केंद्रों में हलचल और उत्साह देखा जा रहा है और समर्थन मूल्य पर धान खरीदे जाने पर जिले के किसानों के चेहरे पर खुशी झलक रही है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों पर सुचारु और पारदर्शी तरीके से धान खरीदी हो रही है। विकासखंड कांकेर के ग्राम मरकाटोला के निवासी बसंत कुमार साहू, जिनके पास 5.15 हेक्टेयर कृषि भूमि है, उन्होंने 267.12 क्विंटल धान विक्रय किया। उन्होंने बताया कि 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से

▶▶| शेष पेज 10 पर

## कार्य में देरी के कारण बढ़ी समयसीमा

# केशकाल घाट अब 10 दिसंबर तक रहेगा बंद, डायवर्ट मार्ग से जाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग और पीडब्ल्यूडी विभाग केशकाल घाट की सड़क की जर्जर स्थिति और घाट में बार-बार लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाने के लिए मरम्मत का काम करवा रहे हैं। मरम्मत कार्य 9 नवंबर को शुरू हुआ था और इसे पहले 25 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन कार्य में देरी के चलते अब 10 दिसंबर तक घाट बंद रहेगा।

■ लोगों को 30 किमी की जगह 60-70 किमी की दूरी करनी पड़ रही तय

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केशकाल के द्वारा जारी आदेश के तहत केशकाल घाट का काम पूरा नहीं हो पाने के कारण अब केशकाल घाट 10 दिसंबर तक बंद रहेगा। केशकाल घाट का काम 9 नवंबर से शुरू किया गया था और 25 नवंबर तक लक्ष्य रखा गया था, परंतु निर्धारित लक्ष्य पर काम पूरा नहीं हो पाने के कारण समय बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया गया है। यात्रियों के वाहन और अन्य भारी वाहन को रायपुर और जगदलपुर के बीच आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्गों से 10 दिसंबर तक गुजरना पड़ेगा। डायवर्ट मार्ग के चलते केशकाल से पहले 30 किमी की दूरी तय करने के बजाय अब 60-70 किमी. अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ रही है।

इसके अलावा, वैकल्पिक मार्ग की खराब हालत से यात्रियों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। वैकल्पिक मार्ग की खराब हालत और बढ़ी हुई दूरी यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। विभाग का कहना है कि सड़क मरम्मत का काम जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।



### घाट बंद होने के कारण

रायपुर से जगदलपुर या जगदलपुर से रायपुर जाने वाली सवारी बसें कोंडागांव, विश्रामपुरी चौक, विश्रामपुरी मचली, गोविंदपुर, दुधावा, और धमतरी होते हुए जाएंगी। दो-पहिया, चार-पहिया और इमरजेंसी वाहन रायपुर से जगदलपुर जा ते समय रायपुर, धमतरी, कांकेर, केशकाल घाट, कोंडागांव होते हुए जाएंगी वहीं जगदलपुर से रायपुर जाते समय कोंडागांव, केशकाल बटराली, रांधा, उपरमुरवेंड, मुरनार, कांकेर, धमतरी होते हुए जाएंगी। भारी मालवाहक वाहन जगदलपुर से रायपुर जाते समय कोंडागांव, विश्रामपुरी, मालगांव, बोरई, नगरी, दुगली, कुरूद होते हुए जाएंगी वहीं रायपुर से जगदलपुर जाते समय रायपुर, धमतरी, कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, नारायणपुर, कोंडागांव होते हुए जाएंगी।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

**कांकेर।** समय-सीमा बैठक के पूर्व कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए शपथ दिलाई। उन्होंने अधिकारियों को संविधान सभा में 26 नवम्बर 1949 को सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य में न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता के लिए राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखते हुए संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलाई।

### परमेश्वरी ने किया शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**अंवरी।** अपने जनपद पंचायत क्षेत्र में सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू द्वारा लगातार विकास कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम कुम्हारी में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं अपने जनपद क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहती हूं। 15 वें वित्त योजना से शेड निर्माण की नींव रखी गई। मौके पर प्रतिनिधि महेंद्र साहू, सरपंच मनोज टंडन, दिलीप यादव, खेमराज जांगड़े, दीपक मिरे, मनोज, पूरन सोनवानी, गैंदलाल समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### रेडक्रास वार्षिक साधारण सभा का आयोजन होगा 29 को

**कांकेर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा प्रबंध समिति के गठन के लिए वार्षिक साधारण सभा की बैठक 29 नवम्बर को सुबह 11 बजे पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के प्रांगण में आयोजित की जाएगी। जिला संगठक ने बताया कि इसमें प्रवेश के लिए पहचान पत्र के साथ पंजीयन की कार्यवाही निर्धारित समय पर की जाएगी, तत्पश्चात निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू होगी।

### शत्रुघन बने भोथीडीह सोसाइटी अध्यक्ष

**मगरलोड।** प्रदेश पिछड़ा वर्ग कार्य समिति सदस्य शत्रुघन साहू रांकाडीह निवासी को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भोथीडीह का प्राधिकृत बनाया गया है। मौके पर यवनलाल साहू महामंत्री भाजपा मंडल, हिरंजय साहू अध्यक्ष किसान संघ, महेन्द्र पटेल, घनश्याम कंवर, तोरणसिंह कंवर, ईश्वर सिन्हा समिति प्रबंधक, नेपाल साहू लिपिक, गजेन्द्र साहू कंप्यूटर ऑपरेटर, नेकराम, परमानंद, निखिल निषाद, नंदकुमार, त्रिलोक कंवर, देवनारायण, लेखराम, लोकेश, विजय, गैंदराम मौजूद थे।

### बूथ क्रमांक 150 के दीनदयाल अध्यक्ष बने

**नगरी।** शक्ति केंद्र अ के बूथ क्रमांक 150 वार्ड क्रमांक 11-12 में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा के निर्देश पर चुरियारापारा के सामुदायिक भवन में बैठक रखी गई जहां बूथ अध्यक्ष दीनदयाल सरपा का नाम प्रस्तावित किया गया। बूथ के सभी सदस्यों ने ताली बजाकर उनका समर्थन किया। मौके पर चुनाव प्रभारी गुरुप्रसाद साहू सहप्रभारी यशकरण पटेल, शक्ति केंद्र प्रभारी बलजीत छाबड़ा, पार्षद अश्वनी निषाद, बूथ अध्यक्ष दीनदयाल सरपा, हरीश सार्वा, बल्लू निषाद, प्रदीप देवांगन, शिव निषाद, योगेश देवांगन, देवेंद्र निषाद, छबिलाल निषाद, गिरिजाबाई निषाद, मनोज यादव, सोनसाय निषाद, मनीष गंगेश, उत्तम निषाद, गणेशीबाई निषाद, जगबाई ध्रुव, भुवनेश्वरी निषाद, सहदेवराम निषाद, बुधारूराम निषाद, महेश निषाद, नरेश निषाद, हीरा देवांगन, अनिरुद्ध रामटेके उपस्थित थे।

### बारना में रक्तदान शिविर व कवि सम्मेलन हुआ

**कुरुद।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कातलबोड़ द्वारा 21 से 27 तक ग्राम बारना में रासेयो शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें ग्राम बारना, झुरानवागांव, सेमरा, सिवनी खुर्द के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## आयोजन : बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मना संकुल स्तरीय संविधान दिवस

# संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में "संविधान दिवस" बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा संविधान और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अतिथियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर संकल्प लिया। सहायक शिक्षक पुष्कर नायक ने मौलिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। आईटी ट्रेनर भावना नाग ने संविधान के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। शिक्षक यशवंत कुमार पटेल ने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों की जानकारी देकर छात्रों को प्रेरित किया। कक्षा 11वीं के छात्र नितेश नायक ने संविधान पर अपने विचार रखकर कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया। संविधान दिवस के अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुदीप झा, एसएमसी अध्यक्ष ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में भारतीय संविधान की सुंदरता और उसकी महानता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा सजीव दस्तावेज है, जो भारत की विविधता को एकता के सूत्र में बांधता है और सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि भारतीय संविधान की यही सुंदरता है, जिसके कारण आज भारत की एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू देश के सर्वोच्च पद, राष्ट्रपति के रूप में आसीन हैं। यह संविधान की शक्ति और इसकी समावेशी भावना का प्रतीक है, जो हर नागरिक को आगे बढ़ने और अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने का समान अवसर प्रदान करता है। प्राचार्य ने संविधान में प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों की महत्ता पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमें न केवल अपने अधिकारों का उपयोग करना सिखाता है, बल्कि अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए एक आदर्श नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करता है। अपने संबोधन में उन्होंने संविधान निर्माण प्रक्रिया में अन्य देशों के संविधानों की भूमिका और उनके प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की विशेषता इसमें निहित विविध संविधानों से लिए गए सर्वोत्तम तत्व हैं, जो इसे अद्वितीय और शक्तिशाली बनाते हैं। प्राचार्य जी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उनके कीमती समय के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने संकुल के सभी शिक्षकों को उनके अथक प्रयास और समर्पण के लिए सराहना दी, जिनके योगदान से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में उन्होंने सभी से आग्रह किया कि संविधान में निहित मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं और देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभाएं। उनके विचार विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और मार्गदर्शक सिद्ध हुए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संगीता देवांगन ने अपनी कुशलता और प्रभावी शैली के साथ किया, जिससे पूरे कार्यक्रम का समन्वय सहज, व्यवस्थित और सराहनीय बना।




### संविधान में निहित मूल्य हमारे लोकतंत्र की आधारशिला: नंदी

संविधान दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि संजय नंदी , अधिवक्ता एवं भाजपा महामंत्री ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की प्रस्तावना के महत्व और इसकी गहनता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना हमारे संविधान की आत्मा है, जो उसके उद्देश्य और मूल्यों को परिभाषित करती है। यह हमारे देश के नागरिकों के लिए स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व जैसे मौलिक सिद्धांतों की दिशा में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाती है। नंदी ने प्रस्तावना के प्रत्येक शब्द का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें निहित मूल्य हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैं।

### विश्व का सबसे प्रगतिशील और समावेशी संविधान: बागड़े

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संकुल प्राचार्य मनोज बागड़े ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भारतीय संविधान के 75 गौरवशाली वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को सम्मानपूर्वक स्मरण करते हुए उनके योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के नेतृत्व में तैयार किया गया हमारा संविधान विश्व का सबसे प्रगतिशील और समावेशी संविधान है, प्रत्येक नागरिक को समानता और स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है।

### क्विज प्रतियोगिता और परिचर्चा भी हुई

संविधान दिवस के अवसर पर छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता और परिचर्चा का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने छात्रों में संविधान के प्रति जागरूकता और जिज्ञासा को बढ़ावा दिया। इन दोनों गतिविधियों का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं था, बल्कि छात्रों के भीतर संविधान के प्रति गर्व और समझ को बढ़ावा देना था।

### आयोजन में सभी का रहा योगदान

संविधान दिवस के इस विशेष कार्यक्रम में संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। उन्होंने अपनी समर्पित भागीदारी और सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षकों का मार्गदर्शन और उनकी प्रतिबद्धता छात्रों के लिए प्रेरणादायक रही, जिससे पूरे आयोजन का वातावरण उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। सभी शिक्षकों ने न केवल कार्यक्रम की तैयारियों में योगदान दिया, बल्कि अपने सुझावों और समन्वय से इसे सफल और सुचारू रूप से संपन्न कराया। उनकी सहभागिता ने संविधान दिवस के संदेश को प्रभावी ढंग से सभी तक पहुंचाने में मदद की।

### संविधान दिवस पर जिला कार्यालय में ली गई शपथ



कोण्डागांव। संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित सभी अधिकारियों को शपथ दिलाई। सभी ने शपथ ली कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रत्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में, इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित करते हैं। इस अवसर पर डीएफओ एस नवीन कुमार, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया संविधान दिवस



*कोण्डागांव। एमजी वार्ड स्थित पी.एम.श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने भारतीय संविधान के महत्व और उसके ऐतिहासिक पहलुओं पर अपने भाषण प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्राचार्य शांतिलाल सलाम ने संविधान दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अपनाया गया था। जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। हमारा संविधान कठोर और लचीला दोनों है और इसकी आधारभूत संरचना कभी नहीं बदली जा सकती। यह संविधान हमें मौलिक अधिकार और दायित्व प्रदान करता है। जिनका पालन हमें ईमानदारी और जिम्मेदारी से करना चाहिए। इस दौरान कक्षा 10वीं की लतिका दास और कक्षा 7वीं की यज्ञनिका वैष्णव ने भी अपने भाषण प्रस्तुत किये। लतिका ने भाषण के माध्यम से बताया कि पहले इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था लेकिन 2015 से इसे संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाने लगा। यह निर्णय डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। यज्ञनिका ने संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की अहम भूमिका को अपने भाषण के माध्यम से बताया कि जिन्होंने संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में संविधान को आकार दिया। संविधान दिवस के इस आयोजन ने बच्चों में संविधान के प्रति जागरुकता पैदा करने और इसके महत्व को समझाने का बेहतरीन अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शांतिलाल सलाम, उपप्राचार्य पूनम पाणिग्रही, व्याख्याता अखिलेश गायधने, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।*

### अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान दिवस पर विविध आयोजन



**कोण्डागांव।** संविधान दिवस के अवसर पर जिले में निर्मित अमृत सरोवर स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा और कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। संविधान दिवस के इस विशेष आयोजन में पंच-सरपंच, ग्रामीण जनों और स्कूली बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर रैली निकाली, जिसमें संविधान के महत्व और उसकी उद्देशिका के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। रैली के माध्यम से संविधान के आदर्शों और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान संविधान की उद्देशिका का सामूहिक रूप से वाचन भी किया गया, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने एकजुट होकर संविधान के उद्देश्यों को आत्मसात किया।

### जनशिक्षण संस्थान में मना संविधान दिवस




**कोण्डागांव।** जनशिक्षण संस्थान कोंडागांव के कार्यालय में भारतीय संविधान दिवस की 75 वीं वर्षगांठ मनाई। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्यातिथि सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता ,जिला एवं सत्र न्यायालय कोंडागांव विशिष्ट अतिथि विवेक कश्यप(अधिकार मित्र ,जिला एवं सत्र न्यायालय कोंडागांव उत्तम मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी स्टाप, प्रशिक्षु जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव द्वारा भारतीय संविधान व बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के चित्र का पूजा अर्चन किया गया द्य तत्पश्चात मुख्यातिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। सुरेन्द्र भट्ट ने बताया संविधान में कुल 395 अनुच्छेद - मुख्यातिथि सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता, जिला एवं सत्र न्यायालय कोंडागांव ने कहा कि यह एक लिखित दस्तावेज है जो सरकार और उसके संगठनों के मौलिक बुनियादी संहिता, संरचना, प्रक्रियाओं, शक्तियों और कर्तव्यों और नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का निर्धारण करने वाले ढांचे को निर्धारित करता है। इसे 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। वर्तमान में भारतीय संविधान में कुल 395 अनुच्छेद 25 भाग और 12 अनुसूचियां हैं। भारतीय संविधान में विभिन्न राजनीतिक दर्शन, नागरिकों के मूल अधिकार, नागरिकों के मूल कर्तव्य के अलावा विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का विभाजन इत्यादि अनेक प्रावधानों को शामिल किया गया है। उक्त कार्यक्रम में सिलाई एवं ब्यूटी की प्रशिक्षिका कु. सीमा तिवारी, कंचन जैन, वासुदेव कटेन्द्र, प्रीताम्बर नेताम, उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मौलिक अधिकारों के प्रति किया जागरूक




**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस 26 नवम्बर संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बच्चों ने प्रातः काल संविधान रैली निकाली तट पक्ष मानव श्रृंखला बनाकर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी ने संविधान के उद्देशिका शपथ की दिलवाई एवं संविधान निर्माता डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर एवं संविधान निर्माण के संबंध में बच्चों को बताया भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ। 26 जनवरी 1950 से पूरे देश में लागू किया गया। बच्चों को मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों का भी पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया। संविधान दिवस के अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक ग्रामीण एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## बालक व कन्या उमा. विद्यालय में मना 76 वां एनसीसी स्थापना दिवस

# विद्यार्थी एकता व अनुशासन के साथ राष्ट्र में अपना योगदान दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने संयुक्त रूप से 76 वां एनसीसी स्थापना दिवस 24 नवम्बर मनाया गया। जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 100 एनसीसी कैडेट एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 50 एनसीसी कैडेट उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.के. जैन पूर्व जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना, विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र कुमार नायक, प्राचार्य, राजेश पाण्डेय व्याख्याता, जयंत कुमार मजुमदार व्याख्याता, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव एवं महेन्द्र नाथ पाण्डे, जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, जिला-कोण्डागांव तथा श्रीमती चन्द्रकुमारी कोर्राम की अध्यक्षता में एन.सी.सी. दिवस का गरिमामयी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा एन.सी.सी कैडेटों को एन.सी.सी. के सिध्दांत एकता और अनुशासन के साथ राष्ट्र में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एन.सी.सी. अधिकारी अभिलाष निषाद एवं श्रीमती कनकलता नाग के अलावा संस्था के शिक्षक निर्मल कुमार शार्दुल सुश्री रेखा ठाकुर, बी. जॉन, राधेश्याम मांझी, हिमांशु शर्मा, संजय ढाली, रविकांत वर्मा, तुलेश कुमार निर्मलकर एवं हर्षा मरकाम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव सभी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता दी। एनसीसी कैडेट टिकेश्वर यादव, श्रवण, विक्रम दास, सगाराम नेताम, सुर्यकांत, यश देवांगन, आर्यन, कु0 माही यादव, कु0 निशा पाण्डेय आदि का विशेष योगदान रहा।





## पेज 9 के शेष

### कार ने बुजुर्ग...

लिए निकला था। चालक की लापरवाही के कारण यह बड़ा हादसा हो गया।

थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है, वहीं कार चालक की तलाश जारी है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया जाएगा।

### माओवाद प्रभावित...

आराम के साथ रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया है।

### 31 सौ रुपए...

प्राप्त समर्थन मूल्य ने उनकी मेहनत को साकार किया है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकार किसानों की हर जरूरत का ध्यान रखती है और उनकी मेहनत का सही मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**खबर संक्षेप**

## अपूर्ण कार्यो को जल्द पूर्ण करने दिए कड़े निर्देश



**बीजापुर।** जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर संबित मिश्रा ने ली समीक्षा बैठक। इस दौरान निर्माणधीन आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन, पीडीएस गोदाम और स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। वर्किंग सीजन में निर्माण कार्यों को गति देने जनपद सीईओ से लेकर प्रत्येक मैदानी अमले को प्रतिदिन फील्ड विजिट कर प्रगति से अवगत कराने को कहा। कलेक्टर ने राशन कार्ड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र सहित चार प्रकार के कार्ड जन्म के 10 दिवस के भीतर प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ब्लॉक समन्वयक को वित्तीय वर्ष 16-17 से 22-23 तक के सभी अपूर्ण आवासों को माह दिसम्बर तक पूर्ण किये जाने के कड़े निर्देश दिए।

## संविधान दिवस के अवसर पर हुए विविध कार्यक्रम

# अमृत सरोवरों में हुआ संविधान की उद्देशिका का पठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

■ संविधान हमारे देश की आत्मा है हमें इसके प्रावधानों का पालन करना चाहिए

संविधान दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों में संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में इस ऐतिहासिक दिन को स्मरणीय बनाने के साथ नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी मिलने, भारत के संविधान के निर्माण और उसके निर्माण और महत्व को भी याद किये जाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने सभी जनपदों के ग्राम पंचायतों के अमृत सरोवर स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर संविधान दिवस मनाने के निर्देश दिए उन्होंने अवगत कराया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस अमृत सरोवर स्थलों पर एक विशेष समारोह का आयोजन करने प्रस्तावित किया है। अमृत सरोवर स्थलों में संविधान की उद्देशिका का पठन से संविधान के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

संविधान हमारे देश की आत्मा है और हमें इसके प्रावधानों का पालन करना चाहिए, उक्त पंक्ति को आत्मसात करते हुए अमृत सरोवर स्थलों में ग्राम पंचायतों के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## संविधान दिवस पर विद्यार्थियों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की दी गई जानकारी



**दंतेवाड़ा।** जिला न्यायालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 26 नवंबर संविधान दिवस के विशेष अवसर पर स्वामी आत्मानंद एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष कार्यक्रम व शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सिंह दांगी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपूर्वा दांगी, उपस्थित रहें। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा बच्चों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस दौरान जानकारी दी कि संविधान में जिस प्रकार संविधान के मूल अधिकार हमें एक ढाल के रूप प्राप्त हैं। उसी प्रकार हमारे संविधान में नागरिकों के लिए कर्तव्यों का भी उल्लेख है। जो हमारे नागरिक दायित्वों का वहन करने के लिए प्रेरित करते है। अतः हमें अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों को भी आत्मसात करना हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक, पैरालीगल वॉलंटियर सुखदेव, सूर्यकान्त, शुभम यादव, सुनीता एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी उपस्थितों नें संविधान की उद्देशिका का पाठन भी किया।

## परख कार्यक्रम के द्वितीय मॉक टेस्ट का एबीईओ ने किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के निर्देशानुसार आज परख सर्वेक्षण अंतर्गत राज्यस्तरीय द्वितीय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक बस्तर अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक, माध्यमिक हाइस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं में कक्षा 3री, 6वीं एवं 9वी में अध्ययनरत विद्यार्थी सम्मिलित हुए। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक की कई शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें आज आयोजित परख कार्यक्रम के द्वितीय मॉक टेस्ट का भी अवलोकन उनके द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति के बारे में अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए, उनके द्वारा चिन्हांकित कमजोर स्तर वाले संकुल अंतर्गत आने वाली शालाओं का अवलोकन किया गया। आज बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत संचालित सभी 3री 6वी एवं 9वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का शतप्रतिशत द्वितीय मॉक टेस्ट का आकलन किया गया। जिसमें ब्लॉक लेवल के नोडल, सहायक नोडल, संकुल प्राचार्य, व्याख्याताओं को निरीक्षण हेतु नियुक्त किया गया था। संकुल तुरपुरा, सालेमेटा, कुम्हली, पिप्लावण्ड आदि संकुलों के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक शाला व हाइस्कूलों का अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इन सभी स्थानों पर मॉक टेस्ट हेतु बैठक व्यवस्था नियमानुसार सुनिश्चित किया गया था। बच्चों की उपस्थिति भी आशा के अनुरूप पाई गई।

## एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहण्डीगुड़ा में 76 वां एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह को संस्था के प्राचार्य हेमराव खापर्डे, एनसीसी ऑफिसर राहुल सिंह ठाकुर व एनसीसी के 75 कैडेटो के द्वारा किया गया।

समारोह मैं सीसी का 76 वर्ष पूरा होने पर के काटा गया। वह क्रेडिट द्वारा ड्रिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल का आयोजन किया गया। एनसीसी दिवस समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, डिप्टी कलेक्टर मयानंद, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी रितेश सिंह, बीआरसी दरभा समलू राम कश्यप, भागीरथ बघेल, विमला भंडारी, तेजेश्वरी सिंह ठाकुर, रमेश मिश्रा, धनेंद्र ठाकुर, विजय बंजारा, आशीष ठाकुर एवं संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थित हुए। यह आयोजन संस्था के एनसीसी कैडेटों व एनसीसी ऑफिसर राहुल सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया।

# सभी आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में स्टाफ नर्स की पदस्थापना करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



सुकमा जिले के आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में 20 हजार छात्र-छात्राएं रहकर अध्ययन करते हैं, छात्र-छात्राओं के उपचार के लिए स्टाफ नर्स की व्यवस्था करने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य रामा सोडी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने सभी आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में नर्स की नियुक्त करने की मांग ताकि बीमार छात्र-छात्राओं का समय पर प्राथमिक उपचार एवं इलाज हो सके। जिला पंचायत सदस्य रामा सोडी ने बताया कि विगत कई वर्ष से आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में मलेरिया व अन्य बिमारियों के कारण पढने वाले छात्र-छात्राओं की समय पर इलाज के अभाव में मृत्यु की घटना निरंतर होता आ रहा है। हाल ही में बालिका आश्रम कोर्रा की छात्रा कुमारी संध्या की इलाज के अभाव में देहांत हो गया है। जिले के अधिकांश बच्चे बिमारी से ग्रस्त रहते है, और समय पर इलाज नहीं होने के कारण मृत्यु का कारण बन रहा है जब-जब घटना होता है, शासन प्रशासन की ओर से जांच की ओपचारिकता पूरी कर ली जाती है। सदैव वैसे ही स्थिति बनी रहती है हमारा मानना है, शासन-प्रशासन ठोस व्यवस्था के लिए विचार करें। सुकमा जिले में करीब 20 हजार छात्र-छात्राए आश्रम, छात्रावास पोटाकेबिनों में रहकर पढ़ाई कर रहे है। इतनी बड़ी तादाद में बच्चों को देखने की व्यवस्था ठीक से होने चाहिए। हमारा मांग है कि प्रत्येक आश्रम, छात्रावास पोटाकेबिनों एक स्टाफ नर्स की नियुक्ति किया जाना आवश्यक है ताकि समय पर बच्चों का इलाज हो सकें।

## दिल्ली की टीम ने किया पहली, दूसरी कक्षाओं का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



ब्लॉक बकावंड के पीएमश्री प्राथमिक शाला तारापुर एवं प्राथमिक शाला भंडारीपारा में दिल्ली की टीम ने कक्षा पहली व दूसरी के कक्षाओं का अवलोकन किया और शिक्षक के शिक्षण प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान कक्षाओं में शिक्षक बच्चों के साथ किस प्रकार से कार्य कर रहे हैं इसकी समझ बनाई गई। बच्चों की भाषा के साथ कक्षा कक्ष में कितना महत्व दे रहे हैं। साथी प्राथमिक शाला तारापुर में समुदाय द्वारा निर्मित शाला संग्रहालय का भी अवलोकन किया गया, जिसके तहत समुदाय से विभिन्न सामग्रियां को देखकर उसकी उपयोगिता पर विशेष चर्चा किया गया। शाला संग्रहालय के वस्तुओं से बच्चों की सीखने सिखाने में किस तरह से मदद मिल रही है इसकी समझ बनाई गई और कक्षा अध्यापन के कार्य को देखकर निरीक्षण टीम के द्वारा खुशी जाहिर की गई। इस अवलोकन टीम में डिलाइट टीम दिल्ली से डॉ. सुदर्शन एवं पारुल, नेहा, सना डॉ. महेंद्र मिश्रा, मधुलिका एवं संजय गुलाटी मौजूद रहे।

# टाटा ईवी की संपूर्ण रेंज अब बस्तर में

**बिजनेस साइट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर











टाटा कंपनी की बहुप्रतिक्षित ईवी पोर्टफोलियो के अंतर्गत आने वाले 4 माडलों की भव्य लांचिंग टाटा मोटर्स के बस्तर संभाग के अधिकृत डीलर जगदलपुर मोटर्स में रविवार को की गई। इस अवसर पर कंपनी के जोनल मैनेजर सेंट्रल जोन सुशील बाजपेई, डीआरडीओ के ओएस जनरल मैनेजर एमवीएल रमेश एवं बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी बतौर अतिथि मौजूद थे।

■ नारायणपुर के हुनरमंद मलखंब दल का हैरतअंगेज प्रदर्शन

जगदलपुर मोटर्स को मैनेजिंग डायरेक्टर घनश्याम शर्मा एवं डायरेक्टर नीरज शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी लीडिंग पोजिशन बना रखी है और हाल ही में इसने ईवी पोर्टफोलियो में कर्व ईवी को जोड़ा है, जो कि इलेक्ट्रिक एसयूवी कूपे है। टाटा की सभी ईवी कार बेहतरीन लुक, धांसू फीचर्स और अच्छी बैटरी-पावर-रेंज वाली है जिसे लेकर लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। लॉचिंग अवसर को बेदह भव्य रूप दिया गया था। प्रख्यात टीवी शो इंडिया गॉट टेलेंट के विजेता नारायणपुर के मलखंब दल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज कारनामें दिखाकर दर्शकों की खुब तालियां बटोरी। वहीं नागपुर से आए डांस ग्रुप के कलाकारों ने भी उम्दा प्रस्तुतियां दी और इतनी ठंड में भी दर्शकों को सीट से बांधे रखा। इस अवसर को शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ टाटा मोटर्स ने केक काटकर सेलिब्रेट किया। इसके बाद टाटा पंच ईवी, कर्व ईवी, टीयागो ईवी एवं नेक्शॉन ईवी का एक साथ अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया। सभी गाड़ियों में 25- 55 किलो वाट तक की बैटरी लगी है और इनकी सिंगल चार्ज रेंज 250-585 किलोमीटर तक है।

## संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र का हुआ शुभारंभ



**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत दंतेवाड़ा में समस्त महिलाओं को स्व सहायता समूह में जोड़कर सामाजिक, आर्थिक रूप से सशक्त विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधि किया जा रहा। इसी तारतम्य में जिले में लिंग आधारित हिंसाओं को रोकने व समझ बनाने एवं महिलाओं तथा पुरुषों में जागरूकता हेतु अब संगवारी रिसोर्स सेंटर में काउंसलिंग की जा रही है। तथा लिंग आधारित हिंसा से ग्रसित महिलाओं को सामाजिक एवं भावनात्मक सहयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अंतर्गत मां दंतेश्वरी संकुल संगठन बालूद में विकासखंड स्तरीय संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र का विधिवत शुभारम्भ किया गया। संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र में विकासखण्ड के किसी भी प्रकार से शोषित या प्रताड़ित हुए दीदियों को मानसिक एवं सामाजिक सुरक्षा व सहयोग देने के उद्देश्य से पुनर्वास किया जाएगा।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले को किया गया सम्मानित**

# धाकड़ राजपूत क्षत्रिय समाज ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



बस्तर जिले के ग्राम परचनपाल में बस्तर धाकड़ राजपूत क्षत्रिय समाज पंजीयन क्रमांक 938 का 13वाँ स्थापना दिवस 25 नवंबर को बड़े उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कलश यात्रा संतोषी माता मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ कर कार्यक्रम स्थल पर ध्वजा रोहण के पश्चात हवन पूजन के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। साथ ही बस्तर संभाग के गांव-गांव से पहुंचे हुए अतिथियों का श्रीफल व शाल से सम्मानित किया गया।

■ शिक्षा,स्वास्थ्य और नशा मुक्ति पर दिया जोर

जिसमें संभाग से अलग अलग क्षेत्रों से समाज के वरिष्ठ जनो के द्वारा उदबोधन में समाज के रीति नीति को लेकर विचार व्यक्त किया गया। इस दौरान समाज के उपसंरक्षक मंगलसिंह ठाकुर ने कहा की हमारा समाज में जब तक एकता, अखंडता, प्रेम, की भावना निहित नही होगी तब समाज की उत्कृष्ट, उत्थान संभव नही हैं। अन्य समाज में इसी तरह से संगठित हो कर आगेबढ़ रहे है। साथ ही हितप्रिया ठाकुर ने समाज मे महिलाओं की सम्मान और महिलाओं की उत्कृष्ट उत्थान के लिए और समाज की नई दिशा में आगे बढ़ कर भाग लेने के लिए बेहतरीन विचार समाज के वरिष्ठ माता अंजन के समक्ष अपना विचार प्रकट किया। साथ ही नशा मुक्ति के तहत भी युवाओं और नई पीडिया को नई दिशा निर्देशन बेहतर सुझाव बताया गया।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ गण एवं समाज के पदाधिकारी गण कमल सिंह ठाकुर, रोमनाथ ठाकुर ,मंगल सिंह ठाकुर, सुखचंद ठाकुर, पदमनाथ ठाकुर, रति सिंह ठाकुर ,सुरेंद्र सिंह ठाकुर ,रूप सिंह ठाकुर ,संतोष सिंह ठाकुर ,राजेश सिंह ठाकुर, कमल सिंह ठाकुर ,जागेश्वर सिंह ठाकुर, दयाराम ठाकुर, थबीर सिंह ठाकुर, भोज सिँह ठाकुर, रविंद्र ठाकुर एवं ग्राम परचनपाल के समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अनुपस्थिति शिक्षकों की वेतन कटौती के निर्देश

**कोंटा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और शाला संचालन की स्थिति की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने आश्रम शालाओं और अन्य शालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीकम साहू व्यायाम शिक्षक जगरगुण्डा, महेन्द्र देवांगन व्याख्याता जगरगुण्डा, तुलेश्वरी ठाकुर प्रधान पाठक कुकानार, चम्पेश्वर पाण्डे सहायक शिक्षक चिन्तलनार, नागेश्वरी मोरला सहायक शिक्षक मेहता, विजय कुमार शिक्षक तारलागुड़ा, मंजू ध्रुव प्रधान अध्यापक मिसीगुड़ा, रमेश कुमार शिक्षक उरसांगल, भगवती सिंह सहायक शिक्षक नागाराम अनुपस्थित पाए गए। इन शिक्षकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए संबंधित डीडीओ को इनके वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं।

# धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



■ बच्चों को संविधान की बारीकियों की दी गई जानकारी

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। भारत माता, बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा व संविधान के किताब पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात विद्यालय के सामाजिक विज्ञान शिक्षक अब्दुसमद ने बच्चों को संविधान की बारीकियों की जानकारी देते हुए प्रस्तावना का वाचन किया।

उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है क्योंकि आज के ही दिन हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ था। इस दिवस को राष्ट्रीय संवैधानिक दिवस और राष्ट्रीय कानून दिवस भी कहा जाता है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। वे भारतीय संविधान निर्माण की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित और निर्मित संविधान है।

इसके निर्माण में 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन का समय लगा और 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान राष्ट्र को समर्पित किया गया था और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। इसलिए 26 नवंबर को संविधान दिवस और 26 जनवरी को हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारी व सभी बच्चे उपस्थित रहे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए अवकाश दिवस में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन

कांकेर। जिले में संचालित हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तर पर समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में रविवार एवं अवकाश दिवसों में भी विषयगत व्याख्याताओं द्वारा अतिरिक्त कक्षाओं संचालन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं की समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है। जिले में अर्धवार्षिकी परीक्षा का आयोजन 11 दिसम्बर 2024 से तथा प्री-बोर्ड परीक्षा माह जनवरी 2025 में आयोजित किया जाएगा। साथ ही शीतकालीन अवकाश अवधि में प्राचार्यों एवं कमजोर परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालयों में कार्यरत व्याख्याताओं की समीक्षा तथा शत-प्रतिशत कोर्स के आधार पर अर्धवार्षिकी परीक्षा प्रश्न पत्र बोर्ड पैटर्न आधार पर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा 30 नवम्बर तक कोर्स पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों को मिलेगा 5 लाख तक का मुफ्त उपचार

कांकेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया गया है। जिला को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन के लिए कुल लक्ष्य 29623 है, जिसमें विकासखण्ड चारामा 5232, नरहरपुर 5532, कांकेर 6024, कोयलीबेड़ा 5797, भानुप्रतापपुर 3386, दुर्गूकोंदल 1950 एवं अंतागढ़ 1702 हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि सभी वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है, इसके लिए जिले के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा च्वाइस सेंटर में जाकर योजनांतर्गत पंजीयन कराना आवश्यक होगा। इसके अंतर्गत 05 लाख रूपये का टॉप-अप प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा योजनांतर्गत उनकी पात्रता के अनुसार प्रस्तावित बीमा कवर का आंशिक या पूर्ण उपयोग कर लेने के पश्चात भी वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान किया जाएगा।

## निधन

### हंसराज ठाकुर

कांकेर। अन्नपूर्णापारा निवासी 78 वर्षीय हंसराज ठाकुर का 25 नवंबर सोमवार को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 26 नवंबर को दोपहर 12 बजे निकाली गई। वे वार्ड पार्षद राजकिशोर ठाकुर, मनोज ठाकुर, टिकेंद्र ठाकुर के पिता थे।

## आयोजन

# भारत का संविधान है विश्व का सबसे बड़ा व लिखित संविधान

### शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा




शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय संविधान दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य डा. केके मरकाम द्वारा महाविद्यलाय विद्यार्थियों को संविधान के प्रस्तावना का वाचन करवाया गया और साथ ही अम्बेडकर एवं उनके योगदान को एक संक्षिप्त रूप में छात्र छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है, जिसे तैयार होने में कुल 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगे थे।

संविधान दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कई देशों के संविधान के अध्ययन करने के बाद भारतीय संविधान को लागू किया गया था। भारत में हर साल 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है। इस बार भारतीय संविधान को अपनाए हुए 75 वर्ष हो गए हैं। ऐसे में यह वर्ष देशवासियों के लिए खास है। हर साल इस दिवस की थीम बदलती है। इस कड़ी में इस बार संविधान दिवस की थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है। डा. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा में अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था एवं भारत राज्यों का एक संघ है। हमारा देश संसदीय प्रणाली पर आधारित एक संपूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह गणराज्य संविधान के द्वारा शासित है। हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा एवं लिखित संविधान है। मूल संविधान में 22 भाग, 395 अनुच्छेद और आठ अनुसूचियाँ थीं। वर्तमान में 104 संशोधनों के बाद 25 भाग, 448 अनुच्छेद और 12 अनुसूचियाँ हैं। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एमएल नेताम सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान द्वारा संविधान के प्रस्तावना के महत्वपूर्ण शब्दों की व्याख्या करते हुए इसकी महत्ता को विस्तार से स्पष्ट किया तथा संविधान निर्माण की प्रक्रिया तथा वर्तमान परिदृश्य में इसकी उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ डॉ. आयशा कुरैशी, दीपिका सोम, रविन्द्र सिंह चंद्रवंशी, कुलेश्वर प्रसाद,महेश कतलाम, प्रियंका दौलतानी, पूजा सोनकर, डोमेश केमरो, अनुप यादव, हितेंद्र बोरकर, मधुराम कावड़े, लक्ष्मी छाया भोजवानी, धर्मेन्द्र सिन्हा सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

खबर के साथ फोटो —-26—-



### डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर मनाया संविधान दिवस

भानुप्रतापपुर। भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति द्वारा संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। भारत के संविधान उद्देसिका का वाचन किया गया। इस अवसर पर बौद्ध समाज अध्यक्ष वरुण खपार्डे, किरण डोंगरे सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष कृष्णा टेकाम, चेतन मरकाम, भिकम आरदे, कांति गजभिये, विष्णु कचलाम, राजेंद्र मेश्राम, देवदत्त खोबरागाड़े, ओमप्रकाश मेश्राम, रितेश गडकरी, अभिषेक मेश्राम, भीम गोस्वामी आदि समाज के लोग उपस्थित हुए।




### पीएमश्री स्कूल भानुप्रतापपुर में संविधान दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज.भानुप्रतापपुर। पीएमश्री स्कूल भानुप्रतापपुर में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सत्र एवं अपर न्यायाधीश ने कहा सविधान में मूल अधिकर दिया गया है। राज्य अनुच्छेद के आधार पर निःशुल्क कानून की जानकारी इसके लिए राज्य के सरकारी अधिवक्ता होता है। शिक्षा, समान सेवा का अधिकार, आरक्षण गरीब तबकों के लिए एक समान लाने के लिए आरक्षण दिया गया। प्रथम श्रेणी न्यायिक न्यायाधीश जितेंद्र बोरकर ने कहा 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हो गया फिर भी 26 जनवरी तक इंतजार किया। गरिमापूर्ण जीवन जीने का तरीका है। सम्मान के साथ मूल कर्तव्य सम्मान के जीने के साथ हमारे आसपास को भी बच्चों को शिक्षा दिलाने है एवं सविधान का सम्मान करना, गौरवशाली परंपरा है। इसके पीछे का कारण है 26 जनवरी 1930 को जवाहर लाल नेहरू ने आजाद है बोला था, इसलिए 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया एवं 395 अनुच्छेद था। लंबा समय लगा कई देशों का संविधान का अवलोकन किया। अच्छाई को शामिल कर संविधान बनाया गया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा सविधान सभा प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थे। सविधान निर्माण की समिति में कांकेर जिले के स्व रामप्रसाद पोटाई सदस्य थे। नियम कानून में रहकर चलना है एवं संविधान में से संशोधन किया है। संचालन व्याख्याता महेंद्र टांडिया ने किया व प्राचार्य पीआर भारद्वाज, कमल विनायक सहित छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण उपस्थित रहे।



### हल्बापारा मिचेसुखई में विविध कार्यक्रम

दुर्गुकोंदल। शासकीय प्राइमरी व मिडिल स्कूल हल्बापारा मिचेसुखई में संविधान दिवस मनाया गया। स्कूली बच्चों ने संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। स्कूली बच्चों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजयी बच्चों को संस्था की ओर से पुरस्कृत किया गया। शिक्षकों ने संविधान की महत्ता, मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। संविधान की उद्देशिका पर प्रकाश डाला। आयोजित कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पटेल मिचेसुखई सन्नूराम कोमरा ने कहा कि संविधान ने हमें मौलिक अधिकार प्रदान किए हैं, वहीं कुछ मौलिक कर्तव्य भी हैं। हमें ऐसा कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए जो संविधान के खिलाफ हो, हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह संविधान का सम्मान करे। संकुल समन्वयक टेकेश्वर साहू ने कहा कि संविधान एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसे समाज के हर व्यक्ति को पढ़ने और समझने की जरूरत है। तभी हम अपने संवैधानिक हक, अधिकारों के बारे में जान सकेंगे। संस्था प्रमुख शिवलाल बघेल ने कहा कि शिक्षा एक प्रमुख हथियार है और संविधान ने हमें शिक्षा का अधिकार प्रदान किया है और सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। सभ्य नागरिक बनकर देश के विकास में सहभागी बनें। कार्यक्रम में तीजूराम दुग्गा, सोनबत्ती खरगिया, सत्याबाई खरे, गौरीबाई गोयल, हेमीनबाई गोयल, शकुन्ता माहला, जोहतरीन लेडिया, प्रधानपाठक मुकेश बघेल, संस्था के शिक्षक हंसाराम राना, विजेन्द्र साहू, ज्योति साहू, प्रमीला सोम व स्कूली बच्चे शामिल हुए।

### दुर्गूकोंदल के कई गाँव में अमृत सरोवर स्थलों पर मनाया गया संविधान दिवस



दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत बरहेली, कर्रामाड़, हानपतरी, राउरवाही, आमाकड़ा, लोहत्तर, पाउरखेड़ा , सुखई, करकापाल, कोण्डरूज, कोण्डे, हामतवाही, झिटकाटोला, हाटकोंदल, परेकोड़ो, तराईघोटिया, भीरावाही, चिहरो, गुदूम, सिवनी, तरहूल, खुटगांव एवं परभेली में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत स्वीकृत अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस को स्मरणीय बनाने के लिए जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी के निर्देश पर जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे एवं कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर के मार्गदर्शन में पंचायत के विभिन्न गांव में अमृत सरोवर स्थल पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त ग्रामवासी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना एवं उद्देशिका का पठन किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित जनप्रतिनिधियों के द्वारा संविधान के महत्व को बताया गया एवं संविधान के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य संविधान के प्रति नागरिकों को जागरूक करना और उसके अधिकारों एवं कर्तव्यों के महत्व को समझाना है। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत सरपंच, पंच, पटेल, स्थानीय ग्रामवासी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वर्षों की मेहनत से यह संविधान बना है, इसे संभाल कर रखना बहुत जरूरी है : सावित्री



दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगहूर के आश्रित ग्राम गुरवंडी में ग्रामीणों के तत्वावधान में आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि 26 नवंबर यह हर भारतीय का आधार संजोए हुए हैं, क्योंकि यही वह दिन है, जब भारत की आत्मा की रूपरेखा यानी हमारा संविधान अस्तित्व में आया था। 26 नवंबर 1949 जब भारत का संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके ठीक 2 महीने बाद 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था, तब जाकर भारत एक गणराज्य बना था। आयोजित कार्यक्रम में गुरवंडी में ग्रामीणों को विधायक ने कहा कि हमारा संविधान कानूनों का केवल एक संग्रह ही नही, अपितु यह भारत की आत्मा का प्रतिबिंब है। यह हमें अपने अधिकार देता है और साथ ही हमें अपने कर्तव्य का भी बोध कराता है। इसने हमें अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता दी है। भारत के संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर और हमारे कांकेर जिले के गौरव स्व. रामप्रसाद पोटाई ने इस महत्वपूर्ण दस्तावेज को तैयार करने में अपनी भूमिका निभाई है, जो सभी नागरिकों को स्वतंत्रता ,सामानता और न्याय प्रदान करता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसमें 395 अनुच्छेद,12 अनुसूचियां और 22 भाग हैं, जिसे तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे थे। हमारा संविधान भारत को एक लोकतांत्रिक देश घोषित करता है, जहां सभी नागरिकों को धर्म,जाति, लिंग और क्षेत्र के आधार पर समान अधिकार प्रदान करता है। साथ ही हर व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। हमारे भारत में अलग-अलग धर्मों को मानने वाले, भाषा बोलियों के बोलने वाले लोग निवास करते हैं फिर भी आपस में हम सब एक और यही हमारी पहचान है। इस अवसर पर क्षेत्र की जनप्रतिनिधि ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 2 लाख 10 हजार 946 क्विंटल से अधिक धान खरीदा गया



कांकेर। जिले के 149 धान उपार्जन केन्द्रों में से 128 केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार 4 हजार 532 किसानों के माध्यम से 02 लाख 10 हजार 946 क्विंटल 80 किलो धान विक्रय किया जा चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार 14 नवम्बर से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। प्रत्येक धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया है। कांकेर जिले के धान उपार्जन केन्द्र अलनियापारा के प्रभारी जोगेन्द्र पटेल ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी केंद्र में किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिए अवश्यक व्यवस्था की गई है। इसके अलावा प्रत्येक दिवस के टोकन अनुसार किसानों से धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा लाए गए धान की मात्रा, आर्द्रता का प्रतिशत, बारदाने उपलब्धता, चबूतरा, धान से भरी बोरियों का समुचित ढंग से रखरखाव, स्टेकिंग, ढंकने के लिए तारपोलिन का इंतजाम किया गया है। उन्होंने राज्य शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है वह सराहनीय है। धान उपार्जन केन्द्र अलनियापारा में धान बेचने पहुंचे ग्राम पथरी के किसान पीताम्बर जैन ने बताया कि वे 110 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर विक्रय किए हैं। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्र में समय पर बारदाना की उपलब्धता तथा तौल होने पर खुशी जाहिर करते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

# नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत 84 प्रतिशत ग्रामीणों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कलेक्टर ने पीएमश्री स्कूलों का सतत निरीक्षण करने के दिए निर्देश

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया गया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत नियद नेल्लानार के सभी 07 ग्रामों के 84 प्रतिशत पात्र ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष विभागों को भी सैच्युरेशन मोड में कार्य करते हुए राज्य शासन की मंशानुरूप लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने पीएमश्री स्कूलों में आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने सभी एसडीएम को निर्देशित किया, ताकि शासन की मंशानुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके तथा निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता परखी जा सके। उन्होंने 15 साल पुराने सभी शासकीय वाहनों का अपलेखन करने की कार्रवाई सप्ताह भर के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने जिले की सरहद से लगी चेक पोस्ट पर लगातार मॉनिटरिंग करने और स्टॉफ को तैनात करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 5.44 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 05 हजार 904 किसानों के द्वारा 28.44 हजार मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। इसी तरह बारदाना एकत्रीकरण और रकबा समर्पण की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 790 किसानों द्वारा 13 प्रतिशत रकबे का समर्पण किया गया है। कलेक्टर ने पुराने स्वीकृत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने व अप्रारंभ कार्य को शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। इसके अलावा जिला जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के लंबित मामलों को गंभीरता से निबटारा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य रूप से सामाजिक अंकेक्षण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ओडीएफ प्लस विलेज, पीएम जनमन, पोषण पुनर्वास केन्द्र सहित जिले में सड़क, शासकीय भवन, पुल-पुलिया, विद्युत कनेक्शन आदि से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निराकृत करने के निर्देश दिएइस अवसर पर डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे, बीएस उईके, जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, सभी अनुविभागीय अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

### वनरक्षक की भर्ती के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा

बैठक में डीएफओ कांकेर आलोक वाजपेयी ने बताया कि जिले में वनरक्षक की भर्ती के लिए आगामी 09 दिसम्बर से शारीरिक दक्षता जिला सेनानी परिसर सिंगारभाट में प्रारंभ होगी। इसके लिए भर्ती स्थल में स्वास्थ्य, पुलिस विभाग, नगरपालिका परिषद के अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके अलावा विभिन्न विषयों एवं प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# बालवाड़ी शिक्षकों की क्षमतावर्धन बच्चों के विकास में निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



आव्हान संस्था द्वारा विकासखंड चारामा में बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों का एक दिवसीय समीक्षा बैठक एवं सह क्षमतावर्धन बैठक का आयोजन बीआरसीसी आफिस पखांजूर में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी केशव साहु, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक कमल सुखदेवे के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें संचालित 54 बालवाड़ी के प्रभारी शिक्षक एवं 28 संकुल आकादमिक समन्वयक सम्मिलित हुए। 11 इस सत्र 2024-25 में नए चयनित बालवाड़ी के प्रभारी शिक्षक शामिल हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू ने कहा कि बालवाड़ी कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए नियमित बालवाड़ी कक्षा लेने की आवश्यकता है। साथ ही संकुल आकादमिक समन्वयकों से परख, परख में पूछे जाने वाले प्रश्नों पर समझ, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज, नवोदय, का अपडेट लिया गया। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कमल सुखदेवे ने कहा बालवाड़ी शिक्षकों का क्षमतावर्धन बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमें शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है ताकि शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें। आव्हान संस्था के जिला समन्वयक ललित साहु ने बताया कि हम बालवाड़ी शिक्षकों के क्षमतावर्धन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें शिक्षकों को प्रशिक्षित कर रहे हैं, जिसका परिणाम बालवाड़ी की कक्षाओं देखने को मिलेंगा। इस बैठक में बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों को बच्चों के विकासात्मक आयाम, थीम आधारित पाठ्यक्रम और खेल आधारित शिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। शिक्षकों को दैनिक पाठ्ययोजना, लेशन प्लान पर समझ बनाते हुए संख्यापूर्ण अवधारणाओं पर विस्तृत समझ बनाया गया। सत्र में बालवाड़ी संचालन के अकादमिक सफलता एवं चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा के बाद भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास और सर्कल टाइम की डेमो प्रस्तुति दी गई, जिससे शिक्षकों को गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण विधियों को समझने का अवसर मिला और बच्चों के विकासात्मक सीखने के परिणामों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान भाषा और संज्ञानात्मक विकास, मिश्रित गतिविधियां पाठ्यक्रम का उपयोग कर कक्षा संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में बच्चों के सीखने के संकेतक, लक्षित उद्देश्य की प्राप्ति, भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया और साथ ही बालवाड़ी कक्षा की गतिविधियों का आकलन प्रपत्र पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों एवं सीएसी ने अपने अनुभव साझा किए और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस समीक्षा बैठक में आव्हान ट्रस्ट कांकेर से बालवाड़ी जिला कार्यक्रम समन्वयक लक्ष्मण मालवीय, ललित साहू एवं अन्य ब्लॉक के अन्य संकुल आकादमिक समन्वयक और शिक्षक उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com



दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511